an>

Title: Need to start operation of Trauma Centre at Bikram in Patna District, Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (पाटलीपुत्र) : महोदय, पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 2002 में पूरे हिन्दुस्तान में छः ट्रॉमा सेन्टर खोलने का निर्णय लिया था।...(व्यवधान) बिहार के पटना जिले के विक्रम में भी एक ट्रॉमा सेन्टर स्थापित किया जाना था।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: After 377, I will give allow you to speak.

श्री राम कृपाल यादव : इस सेन्टर की स्थापना पर भी लगभग 11 करोड़ रुपये खर्च किये गए। भवन तैयार है। अत्याधुनिक उपकरण लगे हुए हैं, परन्तु ट्रॉमा सेन्टर अभी तक शुरू नहीं किया जा सका है क्योंकि उसमें स्पेशलिस्ट डॉक्टर की नियुक्ति नहीं हुई है और न दक्ष तकनीशियनों की बहाली हुई हैं जो अत्याधुनिक मशीनों को चला सकें। एक दशक बीत जाने के बाद भी यह ट्रामा सेंटर कार्यशील नहीं हो पाया है। विगत वर्षों में तत्कालीन सरकार के समक्ष भी यह मामला उठाया गया था, परन्तु स्थिति जस की तस बनी हुई है। चिन्ता इस बात की है कि जो महंगी मशीनें वहां लगी हुई हैं, वे भी कहीं इन दस-बारह सालों में बिना उपयोग के ही खराब तो नहीं हो गई होंगी?

यह सेंटर एनएच 98 और एनएच दो के नजदीक है। इस सड़क पर आए-दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिसमें कई लोग तुरंत इलाज के अभाव में मर जाते हैं, क्योंकि पीएमसीएच की दूरी वहां से 40 से 45 किलोमीटर है। अगर इस ट्रामा सेंटर को पटना एम्स से जोड़ दिया जाए तो काफी राहत होगी तथा कई लोगों की जान बचेगी। पटना एम्स के निदेशक ने भी इस सेंटर को जाकर देखा था। वे इस बात से सहमत भी थे।

अतः केन्द्र सरकार से मेरी मांग है कि विक्रम ट्रामा सेंटर को पटना एम्स से संबद्ध करते हुए डाक्टर और टैक्नीशियनों की नियुक्ति कर कार्यशील बनाया जाए। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON : Shri Ravinder Kushawaha – Not present.